



नवभारत 03
इंदौर, बुधवार, 25 फरवरी, 2026

# एप्रोच मार्ग के नाम पर 14 दुकानें जमींदोज

## निर्माणाधीन ओवरब्रिज के लिए वर्षों पुरानी दुकान हटाई

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** मंगलवार की सुबह शहर के सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशन रोड पर विकास और विनाश की एक ऐसी इबारत लिखी गई, जिसने बरसों पुरानी यादों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को मलबे के ढेर में तब्दील कर दिया। तीन पुलिया ओवरब्रिज के एप्रोच मार्ग को चौड़ा करने की कवायद में नगर निगम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में 14 दुकानों को जमींदोज कर दिया। सुबह 10 बजे जब नगर निगम का बुलडोजर स्टेशन रोड पर पहुंचने के साथ ही पूरा इलाका छावनी में तब्दील हो गया और देखते ही देखते सेतु विकास निगम की नई डिजाइन के नाम पर उन दुकानों को ढहा दिया गया जो कभी इस मार्ग की रौनक हुआ करती थीं। प्रशासन ने इस कार्रवाई को यातायात सुरक्षा और तकनीकी मजबूरी का नाम दिया है, लेकिन इसके पीछे छिपे व्यापारियों के दर्द ने शहर की फिजा में आक्रोश घोल दिया है।




इस पूरी कार्रवाई के दौरान प्रभावित दुकानदारों ने प्रशासन पर सिलेक्टिव अतिक्रमण हटाने के आरोप लगाए हैं। व्यापारियों का तर्क है कि जिन दुकानों को आज अवैध बताकर मलबे में मिलाया गया, उन्हें वर्ष 2003 में खुद नगर निगम ने नीलामी के जरिए आवंटित किया था और दुकानदार नियमित रूप से किराया भी भर रहे थे। व्यापारियों ने प्रशासन की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि रसूखदारों के कब्जों को छूने की हिम्मत प्रशासन ने नहीं दिखाई, जबकि मेहनत की कमाई से घर चलाने वाले छोटे व्यापारियों को बिना पर्याप्त समय और नोटिस दिए बेदखल कर दिया गया। मौके पर हुई नारेबाजी और विरोध के बीच सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर ने स्पष्ट किया कि शेष दुकानों को भी नियमानुसार विस्थापित किया जाएगा।

प्रभावित व्यापारियों ने कहा कि यदि उन्हें स्टेडियम ग्राउंड में वैकल्पिक दुकानें और उचित मुआवजा नहीं दिया गया, तो वे चुप नहीं बैठेंगे। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि वे न्याय के लिए हाई कोर्ट की दहलीज खटखटाएंगे और इस भेदभावपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ सड़कों पर उतरेंगे। फिलहाल स्टेशन रोड पर पसरा सन्नाटा और बिखरा हुआ मलबा शहर की सियासत और प्रशासन के बीच पैदा हुए तनाव की गवाही दे रहा है।

## एक नजर में

### कन्या महाविद्यालय में दी गुड टच बेड टच की जानकारी



**खण्डवा।** लायन्स क्लब द्वारा लायन्स के गवर्नर अनिल खंडेलवाल के दिशा निर्देशानुसार छात्राओं को गुड टच बेड टच की जानकारी देने हेतु कन्या शालाओं, छात्रावास व विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नारायण बाहेती ने बताया कि इस कड़ी में माखन लाल चतुर्वेदी कन्या महाविद्यालय में लायन्स क्लब अध्यक्ष आशा उपाध्याय ने योग शिक्षा के साथ ही गुड टच व बेड टच विषय पर जानकारी देकर छात्राओं को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि यदि कोई बेड टच करता है तो उसकी जानकारी अपने माता पिता को अवश्य देवे। प्रिंसिपल डॉ विनय जैन, प्रोफेसर मीना जैन ,प्रोफेसर संगीता जैन ,प्रोफेसर मोहन तिरोले रजक सर, खेल अधिकारी अंशुल चौहान ,मीना जैन ने भी छात्राओं को जागरूक किया।

### 30 मार्च को ही मनाई जाएगी महावीर जयंती

**खंडवा।** भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव की तिथि को लेकर बने भ्रम के बीच जैन संतों के मार्गदर्शन में निर्णय लिया गया है कि महावीर जयंती इस वर्ष 30 मार्च को ही मनाई जाएगी। हालांकि सरकारी कैलेंडर में 31 मार्च को अवकाश घोषित किया गया है, लेकिन जैन पंचांग एवं परंपराओं के अनुसार 30 मार्च शास्त्रसम्मत तिथि मानी गई है।

जैन समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधासागर जी महाराज एवं संत प्रमाणसागर जी महाराज ने उदयातिथि सिद्धांत के आधार पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि चैत्र शुक्ल त्रयोदशी तिथि 30 मार्च को सुबह 7 बजे से प्रारंभ होकर पूरे दिन रहेगी, जबकि 31 मार्च को यह तिथि अल्प समय तक ही रहेगी।

संतों ने समाज से अपील की है कि तिथि भ्रम से बचते हुए जैन परंपरा एवं ज्योतिष मान्यता के अनुसार 30 मार्च को ही भगवान महावीर जयंती श्रद्धा, आस्था और एकरूपता के साथ मनाई जाए।

### पीएम आवास योजना के लक्ष्य मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश

**खण्डवा।** कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में सोमवार शाम अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की विशेष बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत ब्याज अनुदान योजना और अन्य स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा की गई।

अपर कलेक्टर श्रीमती गौड़ा ने सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम आवास योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और प्रत्येक बैंक शाखा में इसके बैनर लगाए जाएं। अग्रणी जिला प्रबंधक गणेश तईकर ने दिसंबर 2025 तक की वार्षिक साख योजना की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और आगामी लक्ष्यों की जानकारी दी। बैठक में पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना और भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना की भी समीक्षा की गई। श्रीमती गौड़ा ने सभी विभागों और बैंकों को इन योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य मार्च के प्रथम सप्ताह तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में नाबार्ड, नगर निगम और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### 3 आरोपियों को जिला बदर करने के आदेश

**खण्डवा।** विभिन्न अपराधों में शामिल 3 आरोपियों सजल उर्फ विट्ठू पिता संजय राठौर निवासी गणगौर गली खण्डवा, शुभम उर्फ शिवा पिता सोमाजी निवासी ग्राम जामली मूंदी तथा ऋषि उर्फ बाबू पिता राजेन्द्र उर्फ रज्जू शुक्ला निवासी खेड़ीघाट, थाना मांधाता को आगामी 1 वर्ष के लिए जिला बदर करने के आदेश कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने जारी किए हैं। आदेश अनुसार इस अवधि में ये आरोपी न केवल खण्डवा जिले की सीमा में बल्कि साथ ही पड़ोसी जिलों बुरहानपुर, खरगोन, देवास, बैतूल, हरदा एवं इंदौर जिलों की सीमा में भी प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

### क्रिकेट ट्रायल्स में 150 खिलाड़ियों ने दिखाई दमदार प्रतिभा




**खंडवा।** मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग के लिए रॉयल निमाड़ ईगल्स टीम गठन के अंतर्गत खंडवा के जिमखाना क्रिकेट ग्राउंड में क्रिकेट चयन ट्रायल्स आयोजित किए गए। ट्रायल्स में निमाड़ एवं आसपास के जिलों से आए करीब 150 खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए बैटिंग, बॉलिंग और विकेटकीपिंग में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

सुबह से शुरू हुए ट्रायल्स में खिलाड़ियों ने फिटनेस ड्रिल्स, नेट प्रैक्टिस और मैच सिमुलेशन के माध्यम से अपनी तकनीक, अनुशासन और खेल समझ का परिचय दिया। चयन समिति ने खिलाड़ियों का मूल्यांकन तकनीकी मापदंडों, फिटनेस और मैच परिस्थितियों के आधार पर पारदर्शी प्रक्रिया के तहत किया। आईसेक्ट समूह द्वारा टीम स्वामित्व के साथ शुरू की गई यह पहल क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतिभाओं को संगठित मंच प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। टीम का उद्देश्य खिलाड़ियों को पेशेवर प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और प्रतिस्पर्धी अवसर उपलब्ध कराना है ताकि वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकें।

आईसेक्ट समूह के कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि निमाड़ क्षेत्र में क्रिकेट प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और यह चयन प्रक्रिया युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगी।

## नवचण्डी महिला मंडल ने उत्साह से मनाया फाग महोत्सव

नवभारत न्यूज



**खण्डवा।** नवचण्डी महिला मंडल द्वारा लव-कुश गार्डन में फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन को बड़े ही उत्साह, उमंग एवं आध्यात्मिक वातावरण के साथ किया गया। कार्यक्रम में महिला मंडल की सदस्यों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर उत्सव को विशेष आकर्षण प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान नेहा वर्मा एवं नेहा दुबे को राधा-कृष्ण के स्वरूप में सुसज्जित किया गया, जिन्होंने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। लगभग 50 किलो पुष्पों से फूलों की होली खेली गई, जिससे पूरा परिसर भक्ति, आनंद और रंगों से सराबोर हो गया।

महिलाओं ने राधा-कृष्ण के भजनों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए तथा विविध मनोरंजक कार्यक्रमों के माध्यम से पारंपरिक फाग उत्सव की झलक प्रस्तुत की। इस अवसर पर फाग महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह पर्व प्रेम, सौहार्द, भक्ति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह उत्सव हमें आपसी मतभेद भुलाकर मिलजुलकर जीवन में आनंद और सकारात्मकता लाने की प्रेरणा देता है। अंत में सभी महिलाओं ने सामूहिक रूप से स्वल्पाहार प्रसादी ग्रहण की एवं इस प्रकार कार्यक्रम का समापन हुआ।

## जिलाबदर कार्रवाई के खिलाफ उर्मिला जैन बच्चों के साथ पहुंची कलेक्ट्रेट



नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई उस समय चर्चा का केंद्र बन गई, जब सन्मति नगर निवासी उर्मिला जैन अपने तीन मासूम बच्चों के साथ कलेक्टर ऋषव गुप्ता के समक्ष पेश हुईं। उर्मिला ने अपने पति अमित जैन पर की गई जिलाबदर की कार्रवाई को 'फर्जी' करार देते हुए पुलिसिया कार्रवाई पर पर गंभीर सवाल खड़े किए।

**भूखे मर रहे मेरे बच्चे, साक्ष्य झूठे तो क्यों निकाला बाहर :** उर्मिला जैन ने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में आरोप लगाया कि पुलिस ने असत्य साक्ष्यों के आधार पर उनके पति को जिलाबदर किया है। उन्होंने 17 अगस्त 2025 की घटना का हवाला देते हुए मोघट रोड थाने के सीसीटीवी फुटेज और रोजनामचा की मांग की। आवेदिका ने कहा कि सच्चाई जानने के लिए थाना प्रभारी का नार्को टेस्ट कराया जाए। पति के बाहर होने से 5 वर्षीय अविरल, 4 वर्षीय जतन और 1 वर्षीय माधव के सामने भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। उर्मिला ने न्याय न मिलने पर हाई कोर्ट जाने की चेतावनी देते हुए परिवार के लिए शासकीय सहायता की मांग की।

### जनसुनवाई में यह भी

कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने जिला पंचायत सीईओ डॉ नागार्जुन बी गौड़ा और अपर कलेक्टर केआर बड़ोले की मौजूदगी में अन्य आवेदकों की समस्याएं भी सुनीं:

- छैगांवमाखन के ग्राम शिवपुरी निवासी दिव्यांग राधेश्याम पाटिल चलने-फिरने में असमर्थ थे। कलेक्टर ने तत्काल सामाजिक न्याय विभाग को निर्देशित कर जनसुनवाई में ही बैसाखी मंगवाई और उन्हें भेंट की।
- ओंकारेश्वर निवासी रमेश गुर्जर ने आरोप लगाया कि नगर पालिका ने भेदभाव करते हुए केवल उनकी दुकान तोड़ी। कलेक्टर ने एसडीएम पुनासा को निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए।
- भवरली माल के ग्रामीणों ने खराब सड़क की शिकायत की, जिस पर एनएचडीसी को सुधार के निर्देश दिए गए। वहीं अम्बेडकर वार्ड के निवासियों ने साईं एवेन्यू कॉलोनी के कॉलोनाइजर द्वारा रास्ता बंद करने की शिकायत की, जिसे लेकर नगर निगम आयुक्त को मौका मुआयना करने को कहा गया।
- जनजातीय बालक आश्रम रोशनी में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर अभिभावकों ने शिकायत दर्ज कराई, जिस पर एसडीएम हरसूद को व्यवस्थाएं सुधारने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## आज वार्डवार विशेष कर वसूली शिविरों का आयोजन

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** नगर पालिक निगम खंडवा द्वारा आज नगर क्षेत्र में बकाया करों एवं नगरीय शुल्कों की वसूली हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों में वार्डवार विशेष वसूली शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को अपने क्षेत्र के समीप ही कर भुगतान की सुविधा मिल सके। शिविर प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होकर निर्धारित स्थलों पर संचालित रहेंगे। स्टेडियम दुकान के पास, माता चौक चौराहा, स्वक्ष्वक्ष कार्यालय के पास, गुलमोहर कॉलोनी, घंटाघर चौक, गणेश गौशाला, कुनबी आवार, जिलोध्यान के पास, जुबैदा हॉल के पास, सिंधी पंचायत के पास तथा राठौर सायकल के सामने संबंधित वार्डों हेतु शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में संपत्तिकर, जलकर एवं अन्य देय करों का भुगतान, बकाया राशि की जानकारी तथा रसीद प्रदाय की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## पहले दिन 13 श्रद्धालुओं ने रक्तदान कर किए वीआईपी दर्शन

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** रक्तदान के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तीर्थस्थल ओंकारेश्वर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंगलवार से जिला प्रशासन द्वार नई पहल शुरू की गई है। इसके तहत ओंकारेश्वर में रक्तदान करने पर ज्योतिर्लिंग मंदिर मे वीआईपी प्रोटोकॉल अनुसार दर्शन करने की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध होने लगी है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि पहले दिन मंगलवार को कुल 13 श्रद्धालुओं ने ओंकारेश्वर में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान कर निशुल्क प्रोटोकॉल दर्शन सुविधा का लाभ लिया।



सभी श्रद्धालुओं को भगवान ओंकारेश्वर का फोटो एवं प्रसाद भी भेंट किया गया। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि ओंकारेश्वर में अभी यह सुविधा केवल मंगलवार व शनिवार को ही उपलब्ध है। निकट भविष्य में प्रतिदिन रक्तदान व वीआईपी प्रोटोकॉल अनुसार दर्शन करने की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध होगी।

### वन अधिकार अधिनियम सम्बंधी ओरियंटेशन प्रोग्राम सम्पन्न

**खण्डवा।** वन अधिकार अधिनियम के तहत सामुदायिक वन संसाधन के संरक्षण एवं प्रबंधन सम्बंधी ओरियंटेशन प्रोग्राम जनपद पंचायत खण्डवा के सभागृह में मंगलवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में भोपाल से आए मास्टर ट्रेनर राजेश कनोजे एवं वीरेंद्र दुबे ने वन अधिकार की आवश्यकता तथा उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सामुदायिक दावे तैयार करने तथा ग्राम, उपखंड व जिला स्तर पर समितियों के गठन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। सहायक आयुक्त श्री संतोष शुक्ला ने बताया कि प्रशिक्षण में सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी तथा वन एवं जनजातीय कार्य विभाग के मास्टर ट्रेनर्स भी उपस्थित थे।

## ओलंपियाड के विजेता विद्यार्थी हुए सम्मानित



नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने गत दिनों राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा आयोजित जिला स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ डॉ नागार्जुन बी गौड़ा और जिला शिक्षा अधिकारी पीएस सोलंकी के साथ साथ विद्यार्थियों के परिजन तथा गुरूजन भी मौजूद थे। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री गुप्ता ने उपस्थित विद्यार्थियों व उनके परिजनों को ओलंपियाड प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। जिन विद्यार्थियों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया, उनमें कक्षा 2 से 3 वर्ग के विद्यार्थियों में जयदीप यादव, श्रेया, यश सागोरे, गोपाल शाामिल हैं।

इसके अलावा कक्षा 4 एवं 5 वर्ग के जिन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, उनमें कोमल, अजय, आनंदी राकेश, आयुष, अशिता नामदेव, फरीन खान, पूर्णिमा मसानी, प्रियांश करोले शाामिल हैं। इसके अलावा कक्षा 6 से 8 वर्ग में जिन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, उनमें शबनम परवीन, परिधि, पियूष चोपड़े, रोशनी, तमन्ना कुरैशी, सागर मोरे, परि, प्रतिज्ञा, खुशी यादव, परि, डिंपल, सौम्य, बलराज, आशीष नामदेव तथा फरहीन खान शामिल हैं।

## युवा नेतृत्व और जनभागीदारी ने बदली शाहपुर पंचायत की सूरत

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** पंधाना जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत शाहपुर ने विकास, सामाजिक समरसता और सामुदायिक सहयोग के एक नए युग में प्रवेश किया है। कभी बुनियादी समस्याओं से जूझने वाले इस गांव की तस्वीर आज पूरी तरह बदल चुकी है और इसका श्रेय जाता है यहाँ के युवा नेतृत्व सरपंच वासुदेव डांगोरे की दूरदर्शी सोच और ग्रामीणों के अटूट विश्वास को। वह बताते है कि सरपंच पद की जिम्मेदारी संभालते ही चुनौतियों का अंबार सामने था, लेकिन जब जनसेवा का संकल्प जुनून बन जाए तो बाधाएं खुद-ब-खुद रास्ता छोड़ देती हैं। शाहपुर और कुदालदा पंचायत ने आज पूरे क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य की एक ऐसी मिसाल पेश की है, जो अन्य पंचायतों के लिए भी प्रेरणा का केंद्र बन गई है।




गांव के विकास में सबसे बड़ी बाधा वर्षों पुराना अतिक्रमण और संकरी गलियां थीं, जिसके कारण आवागमन की गंभीर समस्या बनी रहती थी। युवा सरपंच डांगोरे ने ग्रामीणों के साथ सतत संवाद के जरिए आपसी सहमति बनाई और बिना किसी विवाद के अतिक्रमण हटाकर गलियों को चौड़ा किया। आगामी गणगौर पर्व को देखते हुए वर्तमान में पंचायत द्वारा स्वच्छता, मार्ग सुधार और सार्वजनिक व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि उत्सव के दौरान ग्रामीणों और आगंतुकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

विकास के इस सफर में निजी योगदान और सेवा भावना ने एक नया अध्याय जोड़ा है। सरकारी बजट की प्रतीक्षा किए बिना समाजहित में निजी राशि का खुलकर उपयोग किया गया है। धार्मिक आस्था के केंद्र हनुमान जी मंदिर निर्माण के लिए स्वयं की निजी कमाई से सात लाख इक्यावन हजार रुपये का ऐतिहासिक दान, सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए भील समाज शाहपुरा और भील समाज कुदालदा को इक्यावन-इक्यावन हजार रुपये मूल्य के बर्तन निजी सहयोग से भेंट किए गए हैं, ताकि सामुदायिक आयोजनों में समाज के लोगों को सुविधा मिल सके। स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं के मामले में भी शाहपुर ने लंबी छलांग लगाई है। गांव में कचरा गाड़ी का नियमित संचालन सुनिश्चित कर सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। साथ ही, पंचायत क्षेत्र में शत-प्रतिशत पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कर ग्रामीणों को बड़ी राहत प्रदान की गई है।